तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

11 शिक्षक गायब, थमाई गई नोटिस



12 बस्तर ओलंपिक संस्कृति, खेल प्रतिभा और सामुदायिक सहभागिता का मंच : डोमन



## खबर संक्षेप

### मातागुड़ी-देवगुड़ी के व्यापक विकास को मिली मंजूरी

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के प्रयासों से क्षेत्र के विभिन्न मातागुड़ी, देवगुड़ी और मंदिरों के उन्नयन एवं विकास कार्य हेतु बस्तर विकास प्राधिकरण से 100 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। श्री देव ने बताया कि यह स्वीकृति जनता की वर्षों से लंबित मांगों को ध्यान में रखते हुए प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मातागुड़ी और मंदिर बस्तर की आस्था का केंद्र हैं और इनका संरक्षण समाज की भावनात्मक धरोहर से जुड़ा विषय है। इस दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा त्वरित स्वीकृति देना जनसमर्थन के प्रति उनकी संवेदनशीलता दर्शाता है। स्वीकृत राशि से उपनपाल कोंदई माता गुड़ी, करनपुर शिव गुड़ी, करनपुर ठाकुरानी माता गुड़ी, हल्बाकचौरा मां गंगादई माता गुड़ी, हिंगलाजिन माता गुड़ी, गुण्डाधुर वार्ड शिव गुड़ी, लक्ष्मी नारायण मंदिर, शीतला माता मंदिर तथा टेकरी हनुमान मंदिर सहित दस धार्मिक स्थलों में उन्नयन कार्य प्रारंभ होंगे।

### विधायक की पहल से दूर हुई पेयजल समस्या

**जगदलपुर।** दरभा ब्लॉक के ग्राम मावलीपदर खासपारा में सोलर ड्यूल पंप के अचानक खराब होने से पिछले दिनों ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे थे। स्थिति की गंभीरता देखते हुए ग्राम के सरपंच एसआर नाग एवं ग्रामीणों ने समस्या की जानकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव को दी। विधायक देव ने तत्काल क्रेडा विभाग को निर्देशित करते हुए पंप की तकनीकी खराबी का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पेयजल जैसी महत्वपूर्ण आवश्यकता में ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। क्रेडा विभाग के तकनीकी दल ने मौके पर पहुंचकर खराब पंप को हटाकर नया सोलर ड्यूल पंप स्थापित किया और पानी की आपूर्ति पुनः शुरू कर दी।

# 70 वर्षों से खुद की बिल्डिंग नहीं, सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा कन्या आश्रम

मो.अमजद रजा खान ▶▶ बीजापुर

कई वर्षों तक तहसील ऑफिस में संचालित था गंगालूर का सौ सीटर कन्या आश्रम। अधीक्षक द्वारा कई बार शाला प्रबंध समिति के माध्यम से नये भवन के लिए पत्र लिख चुके हैं। मगर कोई पहल नहीं किये जाने पर अब सामुदायिक भवन में आश्रम का संचालन किया जा रहा है। राज्य शासन बस्तर संभाग में शिक्षा की स्तर को बढ़ने अनेक योजना लागू कर रखी है। वर्तमान में बीजापुर जिले में शिक्षा सत्र के दौरान वेंडे स्कूल दायकाल मुहिम चालू किया था। जिसमें जिले के उन पिछड़े गांव में जहां बंद हो चुके स्कूलों का संचालन करने, भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य कर शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाना था। एक ओर वेंडे स्कूल दायकाल अभियान का बखान कर अधिकारी खुद की पीठ थपथपा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। हरिभूमि की टीम आज बीजापुर जिले के गंगालूर में पहुंची। जहां आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पहली से 8वीं कक्षा कन्या आश्रम बीते 7 दशकों चल रहा है। लेकिन इतने वर्षों में आश्रम संचालन स्थाई रूप से एक जगह नहीं रहा। भवन के आभाव में पहले कन्या आश्रम कई वर्षों तक गंगालूर के तहसील कार्यालय में चलता रहा। किंतु तहसील कार्यालय पूरी तरह जर्जर होंने से अनहोनी की आशंका को देखते हुए गंगालूर में बने ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में शिफ्ट कर दिया जो कि अब भी वहीं संचालित है। तत्कालीन एवं वर्तमान अधीक्षिकाओं नें शाला प्रबंध समिति के माध्यम से कई बार कन्या आश्रम के लिए नया भवन निर्माण करने, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को पत्र लिख चुके है परन्तु किसी नें भी इस ओर अपना ध्यान केंद्रित नहीं किया। आलम यह है पहली से पांचवी कक्षा की छात्राएं सामुदायिक भवन में और 6वीं से 8वीं पढ़ने वाली छात्राओं को सोने तथा आराम करने सामुदायिक भवन के बाजू में बने मीडिल स्कूल को ही शयन कक्ष बना दिया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की किन परिस्थितियों में आदिवासी मासूम छात्राऐं आश्रम में रहकर पढ़ाई कर रही हैं।

**नये भवन की मांग, मुहिम का भी नहीं मिल रहा लाभ**

### जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे अफसर

अव्यवस्थाओं पर निगरानी रखने मंडल संयोजक नियुक्त हैं परन्तु जिम्मेदार निगरानी तो दूर की बात है आश्रमों में नहीं जाते हैं। मुख्यालय के आफिस से ही अपनी जिम्मेदारी की पूरी औपचरिकता निभा रहे हैं।



### मेरी जानकारी में नहीं

मुझे इसकी जानकारी नहीं है। अभी छुट्टी में हूं, जानकारी लेकर बताता हूं।

**देवेंद्र सिंग पाटले**
सहायक आयुक्त
एकीकृत आदिवासी विकास विभाग
बीजापुर

## मौके पर पहुंची डॉयल 112, झुलसे लोगों को पहुंचाया अस्पताल

# सिलेंडर लीक होने से घर में लगी आग, पांच झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- बड़ाजी थाना क्षेत्र के कोण्डालूर ग्राम की घटना



बड़ाजीं थाना क्षेत्र के कोण्डालूर गांव में सिलेण्डर के लीक होने से घर में मौजूद पांच लोग झुलस गए। इसकी जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची डॉयल 112 टीम द्वारा झुलसे लोगों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

आगजनी की सूचना पर बस्तर बायसन की टीम घटनास्थल ग्राम कोंडालूर पहुंची। टीम कालर के बताए घर पर पहुंची। यहां पहुंचने पर कालर के द्वारा बताया गया कि घर में खाना बनाने वाला गैस लीक होने से घर के अंदर आग लग गया। अचानक गैस के लिक होने से घर में आग लग गई और किसी को भी कुछ समझने का मौका ही नहीं मिला। घर के अन्दर जितने भी सदस्य थे सभी आग से झुलस गए। डॉयल 112 की टीम ने घटनास्थल से झुलसे लोगों को तत्काल ईआरवी वाहन से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल पहुंचाया जहां अधिक झुलसे सदस्यों का उपचार जारी है। वहीं सामान्य झुलसे लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई। डॉयल 112 टीम द्वारा इसकी सूचना बड़ाजी पुलिस को दी गई। उनका उपचार ,5 लोग बुरी तरह आग से झुलस गए थे जिसे तत्काल उनके परिजनों के सहयोग से उपचार हेतु डिमरापाल जगदलपुर अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी बड़ांजी थाना को अवगत कराया गया बाद वापस स्टॉपेज पॉइंट रवाना हुए। झुलसे लोगों को तत्काल उपचार पहुंचाने में डॉयल 112 के आरक्षक अजीत मरकाम व चालक बालसिंह बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### इनका इलाज जारी

अस्पताल में अगस्ती बघेल पिता पतिराम, नरेंद्र बघेल पिता पतीराम, शांति बघेल पिता पतीराम, फूलमती बघेल पति पतिराम तथा सुधु राम पिता मनबोध का इलाज जारी।

# वनमंत्री केदार ने की एसआईआर की समीक्षा और भरे ग्रामीणों के फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- मंत्री ने कहा ग्रामीणों को जानकारी के अभाव में भटकना न पड़े



नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुंडागांव, मांदलापाल व कुंगारपाल में आज मंत्री केदार कश्यप खुद गांव-गांव पहुंचकर जनता से सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया।

श्री कश्यप ने एसआईआर से संबंधित कार्यों का स्थल पर निरीक्षण करते हुए समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। साथ ही अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी योजना व्यवस्थित रूप से धरातल पर नजर आनी चाहिए। उन्होंने चल रहे कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और ग्रामवासियों की संतुष्टि का बारीकी से मूल्यांकन किया। समीक्षा के बाद मंत्री कश्यप ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और ग्रामीणों के एसआईआर से जुड़े फॉर्म भरते हुए सकारात्मक संदेश दिया,ताकि किसी भी गरीब, बुजुर्ग या अशिक्षित व्यक्ति को परेशानी न हो। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवाओं ने अपने फॉर्म भरवाए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दिवान, एसआईआर मंडल प्रभारी विजय पांडेय, जिला मंत्री खितेश मौर्य, जनपद सदस्य रायधर दीवान, सरपंच बुदरू राम बघेल, फकीर कश्यप, रमेश कश्यप, रामप्रसाद मौर्य, कमलेश दीवान, आसमन बघेल, हीरालाल कश्यप, लच्छिन बघेल, घनश्याम चौहान, बुदरू राम सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ सीधे जनता तक पहुंचे। किसी भी ग्रामीण को जानकारियों के अभाव में भटकना न पड़े। हम ग्रामीण क्षेत्रों में ही हर एक समस्या का समाधान करेंगे। क्षेत्र के लोगों ने मंत्री के इस व्यवहार और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि पहली बार कोई मंत्री खुद फॉर्म भरने बैठे हैं।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर की गई पुष्पांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

**संविधान दिवस**



- हर भारतीय का आधार संजोए हुए 26 नवंबर कोई आम दिन नहीं

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद एबीएपी ने संविधान दिवस मनाया गया। अधिवक्ता परिषद के सदस्यों एवं विधि के छात्रों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया एवं संविधान का प्रस्तावना का पाठन किया। एबीएपी के मध्य भारत की सहसंयोजक एवं छत्तीसगढ़ एबीएपी की प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि 26 नवंबर को कोई आम दिन नहीं है। यह हर भारतीय का आधार संजोए हुए हैं, क्योंकि यही वह दिन है, जब भारत की आत्मा की रूपरेखा, यानी हमारा संविधान अस्तित्व में आया था। एबीएपी के संभागीय सचिव श्रीनिवास रथ ने कहा कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके ठीक 2 महीने बाद 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था। एबीएपी के संभागीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सपन देवांगन ने कहा कि संविधान कानूनों का एक संग्रह ही नही बल्कि यह भारत की आत्मा का प्रतिबिंब है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसमें 395 अनुच्छेद, 12 अनुसूचियां और 22 भाग हैं। जिसे तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगा। इस अवसर पर शक्ति सिंह, तापस विश्वास, जयंत विश्वास, उमेश ठाकुर, प्रीति वानखेड़े, प्रतिमा राय, वरूणा मिश्रा, लक्ष्मी भारती, श्वेता टीकम, अदिति रावत, संजना पाणिग्रही, जयांश देवांगन, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के सदस्य एवं विधि के छात्र बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### सभी को समान अधिकार

वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश पानीग्राही ने संविधान के प्रस्तावना का पाठन कराया व कहा कि हमारा संविधान भारत को एक लोकतांत्रिक देश घोषित करता है, जहां सभी नागरिकों को धर्म, जाति, लिंग और क्षेत्र के आधार पर समान अधिकार प्रदान करता है। हर व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है।

### वर्ष 2015 से संविधान दिवस

एबीएपी के जिला अध्यक्ष अर्पित मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2015 से पूर्व राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था, वर्ष 2015 से इसे संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## संविधान का आधार-समानता, न्याय व संवैधानिक मूल्यों की संरक्षण भावना




26 नवम्बर संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जगदलपुर के अध्यक्ष गोंविद नारायण जांगड़े मार्गदर्शन में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धरमपुरा, जगदलपुर एवं आईटीआई कॉलेज बकावंड में विशेष विधिक जागरूकता एवं संवैधानिक मूल्य संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्राधिकरण के सचिव एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कु. अंकिता कश्यप ने छात्रों और शिक्षकों को भारतीय संविधान के इतिहास, महत्व और संवैधानिक मूल्यों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि संविधान की अवधारणा की नींव का प्रथम स्वरूप 1215 में इंग्लैंड की ऐतिहासिक से प्रारम्भ हुआ, जिसमें पहली बार रूल ऑफ लॉ अर्थात कानून सबके ऊपर है और सबके लिए समान है, का सिद्धांत स्थापित हुआ। उन्होंने कहा कि यह सिद्धांत आज भी लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए बताया कि यह विश्व का सबसे लंबा और सर्वाधिक समावेशी संविधान है, जिसमें विविधता, समानता, स्वतंत्रता और न्याय को सर्वोच्च स्थान दिया गया ▶▶ शेष पेज 10 पर

## कलेक्टर ने किया बड़ांजी धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण

**जगदलपुर।** धान उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर हरिस एस ने बुधवार को बड़ांजी स्थित धान उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर पहुंचकर खरीदी केंद्र की संपूर्ण व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया, जिसमें बारदानों की उपलब्धता, नमी मापन की प्रक्रिया और धान के व्यवस्थित भंडारण की स्थिति शामिल थी।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान केंद्र पर अपनी उपज बेचने के लिए आए किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं पूछी और यह जानने का प्रयास किया, साथ ही किसानों से भुगतान की स्थिति और खरीदी की गति के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मौके पर मौजूद केंद्र प्रभारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी कार्य में तेजी और पूरी पारदर्शिता लाई जाए, ताकि किसान अपनी उपज आसानी से बेच सकें और उन्हें समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके। इस दौरान तहसीलदार कैलाश पोयाम, सीईओ जनपद पंचायत धनेश्वर पाण्डेय और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पुनर्वासित सदस्यों को पारिवारिक माहौल में हुनरमंद बनाने करें सार्थक प्रयास : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- कमिश्नर ने पुनर्वास केन्द्र में बीजापुर के पुनर्वासित सदस्यों से की भेंट



कमिश्नर डोमन सिंह ने आड़ावाल स्थित पुनर्वास केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण कर बीजापुर जिले के 30 पुनर्वासित सदस्यों को दी जा रही आ जी वि का संवर्धन प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यधारा में शामिल हुए इन पुनर्वासित सदस्यों को पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराते हुए उन्हें हुनरमंद बनाने के लिए ठोस और सार्थक प्रयास किए जाए। इस दौरान उन्होंने पुनर्वासित सदस्यों से रूबरू होकर उनकी रूचि एवं जरुरतों के संबंध में चर्चा की।

कमिश्नर ने पुनर्वास केन्द्र में अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुनर्वासित युवाओं को कौशल विकास, आजीविका संवर्धन के साथ ही मनो-सामाजिक परामर्श से जोड़ने हेतु सकारात्मक पहल किया जाए। उन्होंने कहा कि समाज की मुख्यधारा में लौटे इन युवाओं को न केवल सुरक्षा बल्कि आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। कमिश्नर ने पुनर्वासित सदस्यों को पात्रता के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किए जाने सहित उन्हें आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड की उपलब्धता के साथ ही बैंक खाता से सेचुरेशन किए जाने कहा। वहीं इन पुनर्वासित युवाओं ▶▶ शेष पेज 10 पर

## ट्रैकर लगाए गए गिद्धों से किए जा रहे प्रजनन व संरक्षण के प्रयास

# ट्रैकरों के माध्यम से गिद्धों की हर गतिविधि पर रख रहे नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में संरक्षण को बढ़ावा से हो रही गिद्धों की आबादी





इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में जीपीएस ट्रैकर लगाए गए गिद्धों को छोड़कर उनके प्रजनन और संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल के तहत आईटीआर बीजापुर और बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी द्वारा इन गिद्धों की दिनचर्या, गतिविधियों और व्यवहार का अध्ययन किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य गिद्धों के संरक्षण को बढ़ावा देना है, क्योंकि भारत में इनकी आबादी तेजी से हो रही है। हालांकि गत तीन वर्षों से विभाग ने रिजर्व इलाके में इनके संरक्षण के लिए गिद्ध परियोजना का संचालित कर रहा है। जिसके परिणाम आने शुरू हो गए हैं, यही वजह है कि इन दिनों इस रिजर्व क्षेत्र के मद्देड़ इलाके में सैंकड़ों की संख्या में गिद्धों को देखा जा सकता है। वर्तमान में यहां पर 300 से अधिक गिद्धों को देखा जा सकता है, जिनमें कई संकटग्रस्त प्रजाति के गिद्ध भी शामिल हैं। ट्रैकर गिद्धों की गतिविधियों, उनके प्रवास की दिशा, घोंसले की स्थिति और संभावित खतरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं। इंद्रावती टाइगर रिजर्व इन ट्रैकरों के माध्यम से गिद्धों की हर गतिविधि पर कड़ी नजर रख रहा है। इस परियोजना का एक मुख्य लक्ष्य गिद्धों के प्रजनन को बढ़ावा देना है, जो भारत में एक संकटग्रस्त प्रजाति है। वैज्ञानिक तरीके से इनकी आबादी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

### ग्रामीणों की जा रही सहभागिता

बताया जा रहा है कि गिद्ध संरक्षण के लिए स्थानीय ग्रामीणों को भी जोड़ा जा रहा है, उन्हें जागरूक किया जा रहा है कि जब भी कोई जानवर मर जाए तो उसे फेंकने के बजाय निर्दिष्ट स्थान पर छोड़े ताकि गिद्धों को भोजन मिल सके। इसके लिए आईटीआर बीजापुर अंतर्गत मद्देड़ से लगभग 12 किमी दूर जंगल में गिद्ध के लिए रेस्टोरेंट बनाया गया है।

### 6 गिद्ध मित्र बनाए

आईटीआर के वॉल्चर सूरज नायर ने गिद्धों के संरक्षण के लिए रिजर्व से सटे गांव मेनूर, बामनपुर, मददेड़ क्षेत्र में 6 गिद्ध मित्र बनाए, जो गिद्ध का सर्वेक्षण, रहवास के स्थान, इनके आबादी का अवलोकन, इनके वंशनाश के कारण स्थानीय ग्रामीणों में जागरूकता का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

### रहवास के लिए क्षेत्र अनुकूल

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि गिद्ध के रहवास के लिए यह क्षेत्र अनुकूल है इसलिए ट्रैकर लगे 7 माह होने के बाद गिद्ध लगभग 100 किमी सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र एवं तेलंगाना से बाहर नहीं जा रहे हैं। उनका संरक्षण न केवल जैव विविधता की रक्षा हेतु आवश्यक है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से भी अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी पंजीयन की तारीख बढ़ी, अब 30 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन

**कोण्डागांव।** खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के लिए धान खरीदी पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब सभी किसान 30 नवंबर 2025 तक एकीकृत किसान पोर्टल एग्रीस्टैक में अपना पंजीयन, कैरी फॉरवर्ड रजिस्ट्रेशन और फसल–रकबे में संशोधन करा सकेंगे। राज्य शासन के नए आदेश के तहत सभी सहकारी समितियों में 30 नवंबर तक पंजीयन और संशोधन के लिए लॉगिन सुविधा चालू रखी गई है। जिन किसानों का अभी तक पंजीयन नहीं हुआ या जिन्हें रकबा फसल में सुधार करना है, वे तुरंत नजदीकी समिति पहुँचें। अधिक जानकारी के लिए एग्रीस्टैक हेल्पडेस्क टोल–फ्री नंबर, खाद्य विभाग टोल–फ्री नंबर पर संपर्क करें।

### केंद्रीय विद्यालय में लगेगा आधार शिविर 29 को

**कोण्डागांव।** डाक विभाग कोण्डागाँव द्वारा केंद्रीय विद्यालय परिसर में शनिवार 29 नवंबर 2025 को पूरे दिन आधार नामांकन एवं सुधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नया आधार कार्ड बनेगा, पुराने में नाम–पता–फोटो–मोबाइल नंबर होगा अपडेट – बच्चों का नया आधार 5 साल से ऊपर पुराने आधार में किसी भी तरह का सुधार नाम, जन्मतिथि, पता, फोटो, मोबाइल लिंक बायोमेट्रिक अनलॉक की सुविधा भी उपलब्ध होगी। अपने साथ पुराना आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र स्कूल आईडी, राशन कार्ड पता प्रमाण बिजली बिल, बैंक पासबुक आदि पासपोर्ट साइज फोटो जरूरी है। अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर के निर्देश पर उप–संभागीय निरीक्षक आर.एस. मिश्रा एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव शेख रूहुल ताज के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित हो रहा है।

### वन मंत्री ने गोलावंड में लगाई चौपाल



**कोण्डागांव।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने ग्राम पंचायत गोलावंड में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से रू–ब–रू मुलाकात की। उन्होंने धान खरीदी की प्रगति और विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य का जायजा लिया। मंत्री ने नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रवार एसआईआर की समीक्षा की। कम प्रगति वाले गांवों में तुरंत शिविर लगाने और कोटवारों से नियमित मुनादी कराने के निर्देश तहसीलदार को दिए। ग्रामीणों से भी एसआईआर में सक्रिय भागीदारी की अपील की। धान खरीदी को लेकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी उपार्जन केंद्रों में पूरी सुविधाएं की हैं। जिन किसानों का पंजीकरण नहीं हो पाया, उनके लिए समय–सीमा बढ़ाई गई है। अधिकारियों को टोकन–पंजीकरण और बिना परेशानी के खरीदी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

### 'हेलमेट बैंक', अब पंचायत से लेकर पहनेंगे हेलमेट



**कोण्डागांव।** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने अनोखी पहल शुरू की है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे सबसे ज्यादा दुर्घटना वाले गांवों में हेलमेट बैंक शुरू किया गया है। अब जिसके पास हेलमेट नहीं है, वह ग्राम पंचायत से हेलमेट लेकर यात्र कर सकता है और वापसी पर जमा कर देगा ताकि दूसरा व्यक्ति भी इस्तेमाल कर सके। जनपद पंचायत फरसगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत मांझीआठगांव और लंजोड़ा में हेलमेट बैंक का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मानकु राम नेताम, जनपद सदस्य विजय मरकाम, श्रीमती लीलावती नेताम, दोनों गांवों के सरपंच–पंच और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। जिन्दगी का सफर सुरक्षित रखें, हेलमेट जरूर पहनें जिला प्रशासन का संदेश साफ है हेलमेट न होने की वजह से अब किसी की जान नहीं जाएगी।

**आयोजन:** देश के प्रति कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने की बातें कहीं

# संविधान पालन का नागरिकों, अफसर सहित सभी ने लिया संकल्प, किया गया उद्देशिका का सामूहिक वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





संविधान दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी की अध्यक्षता में सभी ने एक स्वर में भारतीय संविधान की उद्देशिका का पाठ किया और देश के प्रति कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में यूट्यूब लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से संविधान की उद्देशिका का श्रवण किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पवित्र पाठ से जुड़ सकें। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, श्रीमती यशोदा कश्यप, श्रीमती रामदई नाग, अविनाश भोई सहित समस्त अधिकारी–कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी ने कहा,संविधान हमारी आत्मा है। बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें जो समता, स्वतंत्रता और न्याय का संविधान दिया, उसे न केवल पढ़ना है बल्कि हर रोज जीना है।

- जिपं में सभागार में मना संविधान दिवस, पढ़ना के साथ रोज जीना है

## बालेंगा स्कूल में बच्चों ने सामूहिक प्रस्तावना पाठ कर ली शपथ

विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत बालेंगा स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा–अर्चना से हुई। स्कूल परिसर में सभी बच्चों ने एक स्वर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया और संविधान के मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता का पालन करने की शपथ ली।

कार्यक्रम में प्रधान अध्यापक उमाशंकर नाग, संकुल समन्वयक हीरालाल बघेल, शिक्षक सुदरन मरकाम, नागेंद्र साहू, लच्छूराम वट्टी सहित स्कूल के सभी अधिकारी–कर्मचारी और समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। बच्चों ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए कहा संविधान हमारा अधिकार है और इसे निभाना हमारा कर्तव्य है।



छोटे–छोटे बच्चों का जोश और उत्साह देखते ही बनता था। संविधान दिवस का यह आयोजन स्कूल में पूरे वर्ष भर के नागरिक शिक्षा कार्यक्रम का हिस्सा रहा।

## धूमधाम से मना भारतीय संविधान दिवस, सामूहिक प्रस्तावना पाठ के साथ बाबासाहेब को किया याद



**कोण्डागांव।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक पर सर्व अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समाज की ओर से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुई। इसके बाद सभी ने एक स्वर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। उपस्थित सभी अतिथियों ने क्रमवार संबोधित करते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया। संविधान की प्रस्तावना में निहित समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता के मूल्यों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में घोष किया भारत का संविधान हमारा गौरव है, इसे बचाना और निभाना हमारा कर्तव्य है। संविधान दिवस का यह आयोजन समाज के सभी वर्गों के एकजुटता का बेहतरीन उदाहरण बना।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी रहे। अध्यक्ष सर्व समाज धनसराज टंडन, संरक्षक आरके बंजारे, बालसिंह बघेल, रमाकांत महाजन, तरुण नाग, यूएल मारकंडे, वीरेंद्र बघेल, सानू मारकंडे, नरेंद्र मारकंडे, चमन वर्मा, डिकेश मिर्झा, पीएल ठावरे, रितेश कोर्राम, एआर सोनपिपरे, प्रेमराज डहरिया, दिनेश वट्टी, जगदेव सोनवानी, लखराज टंडन, सतीश सहित समाज के सभी प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## जिला कार्यालय में धूमधाम से मना संविधान दिवस



**कोण्डागांव।** संविधान दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट नूपुर राशि पन्ना ने सभी अधिकारियों–कर्मचारियों के साथ मिलकर भारत के संविधान की उद्देशिका का भावपूर्ण सामूहिक वाचन कराया।

कलेक्टर ने सभी को संविधान की उद्देशिका पढ़वाई और कहा कि 26 नवंबर 1949 को इसी दिन संविधान सभा ने संविधान को अंगीकृत किया था। यह दिन हमें बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और संवैधानिक मूल्यों को जीवन में उतारने का अवसर देता है।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में जिला पंचायत अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे सभाकक्ष में हम भारत के लोग की गूंज सुनाई दी। जिला कार्यालय के अलावा जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों, स्कूलों और पंचायतों में भी संविधान की उद्देशिका का वाचन हुआ। कलेक्टर ने सभी से संकल्प दिलाया कि हम संविधान के हर अक्षर का सम्मान करेंगे और उसे चरितार्थ करेंगे।

## आदेश्वर पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस पर लगा विधिक साक्षरता शिविर





**कोण्डागांव।** संविधान दिवस के पावन अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने आदेश्वर पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष किरण चतुर्वेदी एवं सचिव गायत्री साय के मार्गदर्शन में हुआ।

प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने बच्चों को समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार सहित सभी मौलिक अधिकार और कर्तव्य विस्तार से समझाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गरीबों–वंचितों को दी जाने वाली मुफ्त कानूनी मदद, आवेदन की प्रक्रिया और हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दी।

**बाल अधिकार, बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा :** शिविर में बाल अधिकार, बाल विवाह रोकने के कानूनी प्रावधान और समाज के कमजोर वर्गों के लिए उपलब्ध विशेष सुरक्षा योजनाओं पर खुलकर बातचीत हुई। बच्चों ने कई सवाल पूछे और तुरंत जवाब पाए।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में शाला प्राचार्य सोनाली पाण्डे, पैरालीगल वालंटियर रंजन बैध एवं लोकेश यादव सहित सभी शिक्षक–छात्र उपस्थित रहे। बच्चों ने एक स्वर में कहा अब हमें पता है कि कानून हमारा दोस्त है और जरूरत पड़ने पर मुफ्त में मदद मिल सकती है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने घोषणा की कि जल्द ही जिले के अन्य स्कूलों में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## पीढ़ापाल पंचायत में धूमधाम से मना संविधान दिवस

**कोण्डागांव।** विकासखंड बड़ेराजपुर की ग्राम पंचायत पीढ़ापाल में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। सरपंच प्रतिनिधि मन्नूराम शोरी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा, 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान सभा ने संविधान को स्वीकार किया था और 26 जनवरी 1950 को इसे पूरे देश में लागू किया गया। तभी से हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं। संविधान हमारा सबसे बड़ा अधिकार और कर्तव्य दोनों है।

कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी और संविधान के मूल्यों का पालन करने तथा देश की एकता–अखंडता बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि मन्नूराम शोरी, सचिव रैनूराम मरकाम, उपसरपंच सहादेव मरकाम, रोजगार सहायक कुमारी नेताम, वार्ड पंच पंचूराम मरकाम, अनित मरकाम, अमर मंडावी, चौनूराम मरकाम सहित ग्राम पंचायत के सभी सदस्य एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गांजा तस्करी पर करारा प्रहार, 5 आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस ने 8.5 किलो अवैध गांजा बरामद करते हुए 05 तस्करों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। 3 प्रकरण अवैध शराब बिक्री के 6 प्रकरण सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के कुल 9 मामले दर्ज कर भारी मात्र में शराब जब्त की गई।

यातायात शाखा ने बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, ओवरलोडिंग सहित विभिन्न उल्लंघनों पर 147 प्रकरण बनाए और शमन शुल्क वसूला। सड़क सुरक्षा और अनुशासन को मजबूत करने का अभियान जारी। अपराधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने 300 से ज्यादा किरायेदारों का वेरीफिकेशन पूरा किया। साथ ही बस स्टैंड, बाजार और संदिग्ध स्थानों पर घूम रहे मुसाफिरों की गहन जांच की गई।



**अपराधियों में दहशत, आमजन में सुरक्षा का भाव :** लगातार हो रही त्वरित कार्रवाइयों से जिले में कानून–व्यवस्था मजबूत हुई है। अपराधी खौफ में, आम नागरिकों में विश्वास बढ़ा है।

**एसपी का संदेश : आपकी सूचना, हमारी त्वरित कार्रवाई :** पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने कहा ये कार्रवाइयाँ अपराधमुक्त और नशामुक्त कोण्डागाँव बनाने की दिशा में ठोस कदम हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या 112 पर दें। जनता का सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

## 26/11 को मुंबई में आतंकी हमले में शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**फरसगांव।** मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए हमले में आतंकवादियों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को बुधवार की शाम 6:30 बजे फरसगांव नगर के जनपद स्कूल मैदान में लोगों ने कार्यक्रम आयोजित कर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धंजली अर्पित किया। 17 साल पहले आज ही के दिन 26 नवम्बर 2008 में मुंबई में आतंकवादियों के हमले से पुलिस जवान शहीद कुल 166 लोग मारे गए। उन शहीदों के आज पूरा भारत देश श्रद्धांजलि दे रहे है। वही आज 26 नवम्बर बुधवार की शाम फरसगांव नगर के जनपद स्कूल मैदान में उम्मींद सामाजिक संस्था, पुलिस के जवानों सहित नगर वासियों को मोमबत्ती जलाकर मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, सीएमओ मयंक बसंतवानी, माकड़ी थाना प्रभारी विकास बघेल, पार्षद संगीता राव, फिरोज मेमन, डिक्की जायसवाल, भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव, हेमराज भारद्वाज, कमलेश यादव, लकेश सेठिया, प्रेम पांडे, फरसगांव थाना पुलिस के जवान सहित नगरवासियों और राहगीरों ने श्रद्धंजलि अर्पित किए।



# माकड़ी पुलिस ने हाई स्कूल बवई में चलाया सायबर जागरुकता अभियान

**कोण्डागांव।** पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा भा.पु.से. के निर्देशन एवं एएसपी कौशलेन्द्र देव पटेल व एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना माकड़ी पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में हाई स्कूल बवई में बड़ा सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सहायक उपनिरीक्षक गिरीश कतलम ने बच्चों को सायबर अपराध के विभिन्न रूप फिशिंग, फेक लिंक, ओटीपी मांगने वाले कॉल और उनसे बचने के आसान तरीके विस्तार से समझाए। बच्चों ने कई सवाल भी पूछे और मौके पर ही समाधान पाया।कार्यक्रम में महिला एवं बाल अपराध, यातायात नियमों का पालन, भारत सरकार के तीन नए आपराधिक कानूनों तथा नशीली दवाओं के खतरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की वालेंटियर गुलशन नेताम ने बच्चों एवं शिक्षकों को मुफ्त कानूनी सहायता, हेल्पलाइन नंबर और पैरा–लीगल वालेंटियर्स की भूमिका के बारे में बताया।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में प्राचार्य चयनसिंह कोराम, व्याख्याता सीमा नेताम, विज्ञान सहायक रोहित गुरखुरिया एवं स्कूल के सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। बच्चों ने वादा किया कि वे न तो कभी ओटीपी किसी को बताएंगे और न ही अनजान लिंक पर क्लिक करेंगे। पुलिस ने सभी को सायबर अपराध की सूचना तुरंत 1930 या स्थानीय थाने में देने की अपील की। माकड़ी पुलिस इसी तरह पूरे क्षेत्र में स्कूल–स्कूल जाकर जागरूकता अभियान जारी रखेगी।

**ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने वाली मितानिनों का सम्मान**

# हरवेल में सरपंच की अध्यक्षता में धूमधाम से मना मितानिन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल में बीते दिनों मितानिन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता सरपंच महेश कुमार नेताम ने की।

कार्यक्रम में सरपंच द्वारा सभी मितानिन बहनों को ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सरपंच ने कहा कि मितानिन बहनें गांव में स्वास्थ्य जागरूकता, टीकाकरण, मातृ–शिशु देखभाल और जनस्वास्थ्य सेवाओं का अहम दायित्व निभाती हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का भी हुआ सम्मान

मितानिनों के साथ–साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका बहनों को भी उनके सतत प्रयासों और सेवा भाव के लिए सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उनकी भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



### बच्चों और गर्भवती माताओं की देखभाल की प्रशंसा

कार्यक्रम में 0 से 5 वर्ष के बच्चों एवं गर्भवती माताओं को आंगनबाड़ी केंद्र में दिए जा रहे पोषणयुक्त भोजन और देखभाल की भी सराहना की गई। सरपंच ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण और सरकारी योजनाओं का सही संचालन ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। यह कार्यक्रम गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और स्वास्थ्य कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## मांडोकीखरगांव में धूमधाम से मना मितानिन दिवस

**कोण्डागांव।** ग्राम पंचायत मांडोकीखरगाँव में मितानिन दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष हिरासिंह नेताम व सरपंच श्रीमती शांति नेताम ने सभी मितानिन दीदियों को श्रीफल और साड़ी भेंटकर सम्मानित किया। जनप्रतिनिधि, पंच और ग्रामीणों की भारी भीड़ सेवा भाव का दिखा अनुपम संगम – कार्यक्रम में सरपंच शांति नेताम, सरपंच प्रतिनिधि महेश नेताम, समस्त पंचगण, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्ण सहभागिता की। मितानिनों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का भाव हर चेहरे पर दिखाई दिया। आप स्वास्थ्य योद्धा हैं, आपकी सेवा अतुलनीय है : हिरासिंह नेताम उपाध्यक्ष हिरासिंह नेताम ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की देखभाल, टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में मितानिन बहनों की भूमिका अतुलनीय है। विपरीत परिस्थितियों में भी जान जोखिम में डालकर आप सेवा करती हैं। आप सच्ची स्वास्थ्य योद्धा हैं। मितानिन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सरपंच शांति नेताम : मितानिनों की मेहनत से गांव में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी सरपंच शांति नेताम ने कहा कि मितानिनों की निरंतर सेवा से गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है और कई सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले हैं। पूरे आयोजन में सौहार्द, कृतज्ञता और प्रेरणा का वातावरण रहा। ग्राम पंचायत मांडोकीखरगाँव की यह पहल पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी बन गई।

## पेज 9 के शेष

### संविधान का आधार-समानता, न्याय...

है। उन्होंने केशवानंद भारती बनाम राज्य केरल के ऐतिहासिक निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान कठोर भी है और लचीला भी। कार्यक्रम में प्रोफेसरों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवा पीढ़ी को संवैधानिक विचारधारा से जोड़ते हैं और एक जिम्मेदार नागरिकता की दिशा में प्रेरित करते हैं।

**रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं :** प्राधिकरण के सचिव ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे संविधान को केवल एक दस्तावेज के रूप में न देखकर, जीवन और नागरिक उत्तरदायित्व की मार्गदर्शिका के रूप में अपनाएं तथा न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### पुनर्वासित सदस्यों को...

को साक्षरता कार्यक्रम से जोड़कर शिक्षित एवं जागरूक करने पर बल दिया। कमिश्नर ने उक्त पुनर्वासित युवाओं को परिवार के सदस्यों से मुलाकात करने के लिए अवसर देने कहा और इन्हें सांस्कृतिक-शैक्षणिक भ्रमण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ ही इन युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विभागीय समन्वय बढ़ाने कहा। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री नंदनी साहू एवं सत्येन्द्र बंजारे और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**आवास एवं भोजन व्यवस्था का लिया जायजा :** कमिश्नर ने पुनर्वास केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पुनर्वासित सदस्यों के आवास एवं भोजन व्यवस्था का भी जायजा लिया और आवासीय स्थल हॉस्टल में टेलीविजन की उपलब्धता सहित हॉस्टल भवन का रंगाई-पुताई एवं अन्य जरूरतों को शीघ्र सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान अवगत कराया गया कि उक्त पुनर्वासित युवाओं को सिलाई-कड़ाई सहित फूड एण्ड ब्रेवरेज टेड में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### कन्या शिक्षा परिसर में संविधान के उद्देशिका का वाचन



**भोण्ड।** विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में 26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के उद्देशिका का समस्त छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से वाचन किया गया। आज संविधान के महत्व, संविधान के उद्देश्य एवं नागरिकों के कर्तव्य को रेखांकित करते हुवे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ए आर नोन्हारे एवं सभी शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे।

### एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक में मना संविधान दिवस



**गीदम।** एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा में संविधान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस इकाई के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्थान के प्राचार्य, समस्त स्टाफ सदस्य तथा छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इससे सभी में देशभक्ति, संवैधानिक मूल्यों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ। सीएसवीटीयू भिलाई के निर्देशानुसार सभी प्रतिभागियों ने माई जीओवी पोर्टल पर उपलब्ध संविधान दिवस ऑनलाइन क्विज़ में सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक क्विज़ में हिस्सा लेकर संविधान से जुड़े सभी पहलुओं को समझने और जानने का संकल्प लिया।

# संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बीजापुर जिला कार्यालय में आज एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ अधिकारी कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान के उद्देशिका का किया वाचन

कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना एवं उद्देशिका के सामूहिक वाचन से हुई। अपर कलेक्टर ने स्वयं प्रस्तावना का वाचन किया और सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक आदर्शों एवं नागरिक कर्तव्यों के पालन के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में अग्रवाल ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। प्रस्तावना हमें न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के मूल्यों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देती है। प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी का दायित्व है कि वे अपने कार्यों और व्यवहार में संविधान के सिद्धांतों को सर्वोपरि रखें। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने विचार साझा किए और संविधान के प्रति निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशील प्रशासन प्रदान करने का संकल्प लिया। समारोह का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ। जिला कार्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम संविधान के प्रति प्रतिबद्धता और संवैधानिक मूल्यों के संकल्प को पुनः मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

## पंचायतों में मना संविधान दिवस



संविधान दिवस के अवसर जिला पंचायत सहित जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवर स्थलों में भी इस अवसर को विशेष रूप से मनाते हुए संविधान में प्रदत्त मूल अधिकारों एवं कर्तव्यों पर चर्चा की गई। अमृत सरोवर स्थल पर ग्रामीणों द्वारा जल संरक्षण जल संवर्धन की शपथ ली गई। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में जिले के सभी ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया साथ ही जल संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। जिला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में उप संचालक पंचायत हिमांशु साहू, लेखाधिकारी वेद प्रकाश नागेश, एपीओ मनीष सोनवानी, करारोपण अधिकारी ख़ेम लाल दाता, जिला समन्वयक अमृत दास साहू सहित जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूलों के आकस्मिक निरीक्षण में खुली पोल

# शिक्षक गायब, थमाई गई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार





कुआकोंडा ब्लॉक की जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति की अध्यक्ष दीपिका सुमित भदौरिया ने मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक और मिडिल स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शिक्षा व्यवस्था की हकीकत सामने आई, जिसमें कई शिक्षक ड्यूटी के समय स्कूल में अनुपस्थित मिले, वहीं एक शिक्षक नमाज अदा करते हुए देखे गए। 5 स्कूलों के निरीक्षण में 3 शिक्षक बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए, जिससे विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होती दिखी। अध्यक्ष जब एबीओ मनोज राठौर के साथ कुआकोंडा ब्लॉक के मिडिल और प्राथमिक विद्यालयों में पहुंचीं, तो कई अनियमितताएं सामने आईं। एक विद्यालय में 4 शिक्षकों में से सिर्फ एक शिक्षक कक्षा में पढ़ाते मिले, जबकि जिया उल्लाह खान नामक शिक्षक निरीक्षण के दौरान नमाज अदा करते दिखे। शेष दो शिक्षक संस्था से गैरहाज़िर पाए गए। इसी तरह माहराहौरनार प्राथमिक शाला में भी तीन में से एक शिक्षक बिना अवकाश आवेदन के गायब मिला। टिकनपाल भट्टीपारा प्राइमरी स्कूल और कलेपाल माध्यमिक शाला में भी शिक्षा की स्थिति और शिक्षण व्यवस्था की समीक्षा की गई।

■ जनपद उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने जताई सख्ती

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने बच्चों से पढ़ाई से संबंधित सवाल पूछकर शिक्षा की वास्तविक गुणवत्ता परखने की कोशिश की। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई और विद्यालयों में साफ-सफाई एवं सुविधाओं की स्थिति भी देखी गई। कुछ स्कूलों में शौचालय जर्जर स्थिति में पाए गए, जिन्हें जल्द निर्माण कराने शिक्षा विभाग को पत्राचार कर सुधारने का आश्वासन दिया गया।

उन्होंने सभी शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचने और विषयवार नियमित पढ़ाई कराने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण में अनुपस्थित मिले शिक्षकों को खंड शिक्षा कार्यालय द्वारा शोकाज नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सुमित भदौरिया भी उपस्थित रहे।

यह निरीक्षण अभियान विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था सुधारने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें: कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल



शहीद हरचंद नाइक शासकीय महाविद्यालय, तोकापाल में आज संविधान दिवस अत्यंत गरिमा, उत्साह और सम्मानपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्राध्यापक श्रवण कुमार नेताम द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं अतिथियों के अभिनंदन से हुई। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टीआर रात्रे ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र शंकर सिंह कश्यप के उद्बोधन से हुई। उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संघर्षों, उनके दूरदर्शी विचारों और भारतीय संविधान निर्माण में उनके योगदान का संक्षिप्त किंतु सारगर्भित विवरण प्रस्तुत किया। कश्यप ने बताया कि डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक समानता और न्याय की स्थापना के लिए जीवनभर कार्य किया और शिक्षा तथा तर्कशीलता को समाज परिवर्तन का आधार माना। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे संविधान और डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय को जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम के मुख्य सत्र में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका मंजुश्री चेरपा ने संविधान के दार्शनिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि एक जीवंत और गतिशील दस्तावेज है, जो विविधताओं से भरे भारतीय समाज को एक सूत्र में बांधता है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि मौलिक अधिकारों का अर्थ केवल अधिकार प्राप्त करना नहीं, बल्कि उनके प्रति सजग, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनना भी है।

इसके पश्चात वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार सेठिया ने संविधान की निर्माण प्रक्रिया, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं इसकी विशेषताओं पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि भाषाई, सांस्कृतिक और पारंपरिक विविधताओं से भरे भारत जैसे विशाल देश के लिए संविधान का निर्माण अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य था, किंतु संविधान निर्माताओं की अद्भुत दूरदृष्टि, समावेशिता और राष्ट्रीय भावना ने इसे संभव बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में संविधान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कशीलता और सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित करता है।

# छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरी




एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय ईएमआरएस बेसोली के कक्षा 9 और 11 के छात्रों ने आज विद्यालय परिसर में मॉडल युवा ग्राम सभा नाटक का शानदार मंचन कर अपनी प्रतिभा और नागरिक समझ का परिचय दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन समाज विज्ञान के शिक्षकों अन्सलम एक्का टीजीटी, एसएसटी और अभिषेक सिहं टीजीटी, एसएसटी के मार्गदर्शन और निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में जमीनी स्तर के लोकतंत्र व ग्राम स्तरीय शासन व्यवस्था की समझ विकसित करना था। नाटक में ग्राम सभा की कार्यवाही को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्थानीय समस्याओं, विकास योजनाओं और लोकतांत्रिक निर्णय लेने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष ध्यान केन्द्रीत किया गया। स्थानीय ग्राम पंचायत के सदस्य इस अवसर पर विशेष अतिथी के रूप में उपस्थित रहे और नाटक की प्रस्तुति के बाद छात्रों के साथ संवाद सत्र में भी भाग लिया। उनकी उपस्थिति से कार्यक्रम को वास्तविक अनुभव और सामाजिक जुड़ाव की गहराई मिली। पंचायत सदस्यों ने छात्रों के आत्मविश्वास, अभिनय कौशल और शासन व्यवस्था की गहरी समझ के लिए उनकी सराहना की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सरोज कुमार मरकाम ने अपने संबोधन में शिक्षकों और विद्यालय स्टाफ के समर्पण तथा सहयोग की प्रशंसा की और छात्रों को समुदाय के निर्माण में सक्रिय एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## किसी का नाम न छुटे रखे विशेष ध्यान : रेखचंद

**दंतेवाड़ा।** जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा में जिले में चल रहे एसआईआर को लेकर एसआईआर के लोकसभा प्रभारी रेखचंद जैन की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम ने समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी, मंडल अध्यक्षों को एसआईआर के तहत अपने-अपने ब्लॉक के सभी बूथ पर बीएलओ के द्वारा फार्म लिया जा रहा है। उसमें पूरा मतदाताओं को सहयोग करना है। किसी का नाम छूटने ना पाए इसके लिए पार्टी के बीएलओ को सतत सहयोग करना है। ब्लॉक प्रभारी भी लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। लोकसभा प्रभारी रेखचंद जैन ने कहा कि बीजेपी सरकार में है ये बीएलओ पर दबाओ बनाएंगे आपको अपने-अपने बूथ में डटे रहना है किसी का नाम ना छुटे ये हमको विशेष ध्यान देना है।

# ग्रामीणों को स्वच्छता व स्वास्थ्य के संबंध में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड




मां गंगादई शासकीय महाविद्यालय बस्तर में छात्रों का राष्ट्रीय सेवा योजना पर 7 दिवसीय विशेष शिविर लगा।

ग्राम भाटपाल में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीवन कुमार के तत्वाधान एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. भावेश कुमार नेताम के मार्गदर्शन तथा जिला संगठक मौसमी विश्वास के दिशा-निर्देश पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रघुनंदन भूआर्य द्वारा भाटपाल में 7 दिवसीय विशेष ग्राम-सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्राम विकास एवं जन-जागरूकता से संबंधित विभिन्न सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत भवन परिसर, बैठक कक्ष एवं मुख्य द्वार के आसपास साफ-सफाई कर ग्रामीण प्रशासनिक केंद्र को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम के सार्वजनिक वॉशरूम की व्यापक सफाई की गई तथा ग्रामीणों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के संबंध में जागरूक किया गया। ग्राम के मुख्य चौक में झाड़ू लगाकर, कचरा निस्तारण कर एवं जल निकासी मार्ग साफ करते हुए ग्रामीण परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया गया। स्वास्थ्य केंद्र के आस-पास झाड़ियां हटाई गईं, कचरा उठाया गया एवं मरीजों और स्टाफ के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया गया। स्वयंसेवकों ने अस्पताल परिसर एवं सार्वजनिक शौचालयों की गहन सफाई कर स्वच्छता के उच्च मानकों को स्थापित किया, जो ग्रामवासियों द्वारा सराहा गया। ग्राम के सांस्कृतिक मंच एवं आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित रूप से साफ कर आगामी सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त वातावरण निर्मित किया गया।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग तेज, प्रदेश शिक्षक संघ लामबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय निर्देशानुसार 1998–99 एलवी संवर्ग के शिक्षक मंगलवार को आयुक्त बस्तर संभाग कार्यालय पहुंचे और मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम मांगपत्र सौंपा। यह मांगपत्र वित्त सचिव और शिक्षा सचिव को भी संबोधित किया गया था।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी,प्रदेश महासचिव डेसनाथ पांडे और संभागीय अध्यक्ष अमलेस ठाकुर के नेतृत्व में उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि वर्ष 1998–99 में प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेशों के आधार पर उन्हें नियमित तथा पेंशन योग्य पदों पर नियुक्त किया गया था। इसके साथ ही 14 मई 1999 को मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा पेंशन उपादान योजना लागू करने के लिए विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। शिक्षकों ने मांगपत्र में उल्लेख किया कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद 2001 में उनका नियोजन पंचायत विभाग में कर दिया गया, जबकि उसी अवधि में मध्यप्रदेश सरकार ने स्कूलों को पुनः शिक्षा विभाग में वापस लेने का आदेश जारी किया था। शिक्षकों ने पूछा कि जब अन्य कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से सेवा-गणना कर पुरानी पेंशन का लाभ दिया गया, तो 1998–99 एलवी संवर्ग को ही क्यों वंचित रखा गया।

मांगपत्र में यह भी कहा गया कि 2004 के पूर्व नियुक्त सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन अनिवार्य रूप से देय है, भले ही उनका नियमितीकरण बाद में हुआ हो। लेकिन 1998–99 संवर्ग के शिक्षकों को 2018 से नियमित माना गया, जिससे वे आज भी पेंशन व अन्य सकल लाभों से वंचित हैं।

संघ ने चेतावनी दी कि कई सेवानिवृत्त शिक्षक कठिन आर्थिक परिस्थिति में हैं,इसलिए यदि शासन ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो बाध्य होकर आंदोलन किया जाएगा। मांगपत्र सौंपने वालों में चन्द्रभूषण ठाकुर,मीरा ठाकुर, माया वैद्य सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

## किरंदुल परियोजना में संविधान दिवस पर उद्देशिका का पठन



**किरन्दुल।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर प्रशासनिक भवन के प्रांगण में परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक, किरंदुल कॉम्प्लेक्स ने अधिकारियों, कर्मचारियों को भारतीय संविधान उद्देशिका का पठन करवाया। इस अवसर पर सर्वश्री केपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, एस.गुहा, उप महाप्रबंधक वित्त, केएल नागवेणी, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन, विनोद कश्यप, अध्यक्ष, एके सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन, एस.चिकाटे, उप महाप्रबंधक सीएंडआईटी सहित विभागाध्यक्ष व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# अधिकारी ने गणना पत्रक संग्रहण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावण्ड

बकावंड ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत मैलबेड़ा में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में चल रहे गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025-26 के तहत उप जिला निर्वाचन अधिकारी बस्तर ने आज और मैलबेड़ा ग्राम पंचायत क्षेत्रों का मैदानी निरीक्षण किया। यह दौरा कलेक्टर हरीस एस. के मार्गदर्शन में किया गया, जिसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे, गणना पत्रक संग्रहण तथा डिजिटाइजेशन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। दौरे के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्येक बीएलओ से गृह-गणना से संबंधित प्रपत्रों की शत-प्रतिशत जानकारी संग्रह, फॉर्म की शुद्धता, और जमीनी स्तर पर किए गए सर्वे के वास्तविक डेटा के बीच सामंजस्य सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि गणना पत्रक में किया गया कोई भी त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि भविष्य में मतदाता सूची की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है, इसलिए बीएलओ प्रत्येक घर की जानकारी को सावधानीपूर्वक, सत्यापित और स्पष्ट रूप से दर्ज करें।

अधिकारी ने डिजिटाइजेशन प्रक्रिया का भी स्थल पर अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि फील्ड सर्वे के बाद सभी प्रविष्टियाँ समयबद्ध तरीके से ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड की जाएँ, ताकि किसी भी प्रकार का बैकलॉग न बने। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्यों में समय-सीमा का पालन अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

# बालूद धान खरीदी केंद्र में किसान संभूनाथ ने बेचा 80 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले के धान खरीदी केन्द्रों में कृषकों द्वारा धान लाने का सिलसिला जोर पकड़ रहा है। इस क्रम में ग्राम पंचायत बालूद के धान खरीदी केंद्र में भी कृषकों की भीड़ देखने को मिल इन्ही में से कृषक सम्भूनाथ सेठिया भी थे। उनसे चर्चा करने पर उन्होंने बताया किय उनके द्वारा 80 क्विंटल धान किस्म 1001 मोटा धान हेतु टोकन लेम्पस कटवाया गया।

वे बताते है कि उनकी लगभग 5 एकड़ की खेती है जिसमें उन्होंने मोटा धान लगाया है। धान उपार्जन केन्द्रों में प्रशासन द्वारा पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने से उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। टोकन समय पर मिला, तुलाई सुचारू रूप से हुई और पूरा कार्य पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। उन्होंने सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही धान खरीदी की व्यवस्था और सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले साल की भांति इस बार भी धान खरीदी प्रक्रिया सरल, व्यवस्थित और किसानों के अनुकूल है। इस क्रम में धान खरीदी केन्द्र के प्रबंधक लाकेश टंडन ने बताया कि उपरोक्त केन्द्र के अन्तर्गत 12 गांव आते है यहां पिछले वर्ष 31 हजार 4 सौ क्विंटल धान खरीदी की गई थी।

# विकास सूचकांकों के बेहतरी के लिए चुनौतियों को पहचान कर उसके निराकरण को लक्षित करें: तरुण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा




आज कलेक्टरेट के सभाकक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम तथा उसके विकास सूचकांक के तहत जिले की प्रगति की समीक्षा नीति आयोग द्वारा नियुक्त केंद्रीय प्रभारी अधिकारी तरुण कुमार पिथोड़े द्वारा की गई। बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने दंतेवाड़ा की विकास यात्रा और अब तक प्राप्त हुई प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तृत प्रस्तुति देते हुए बताया कि जनजातीय बहुल एवं भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण यह जिला आज तेजी से प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, आजीविका एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में हुए सकारात्मक परिवर्तनों का सीधा लाभ आम जनता को मिला है।

■ शिक्षा व कृषि सूचकांकों में जिले की रेटिंग को बेहतर बनाने दिए निर्देश

कलेक्टर ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने के परिणामस्वरूप 75 प्रतिशत संकेतकों में सुधार दर्ज हुआ है। कुपोषण में गिरावट आई है और दूरस्थ अंचलों तक मोबाइल मेडिकल वैन एवं टेलीमेडिसिन सेवाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई जा रही हैं। शिक्षा क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सफलता मिली है, जहां नामांकन में 18 प्रतिशत वृद्धि के साथ ड्रॉपआउट दर में कमी आई है। पढ़ाई का कोना, बाल मित्र और नई स्थापित पुस्तकालयों ने बच्चों के सीखने के वातावरण को समृद्ध किया है। कृषि के क्षेत्र में दंतेवाड़ा ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित की है, जहाँ 110 गाँवों को जैविक खेती प्रमाणन प्राप्त हुआ है। जल संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई एवं किसान पाठशाला जैसी पहलों ने किसानों की उत्पादकता और आय में वृद्धि सुनिश्चित की है। जिले में सड़क संपर्क और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ-साथ विभिन्न आजीविका कार्यक्रमों ने ग्रामीण परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन उपलब्धियों के आधार पर संपूर्णता अभियान में दंतेवाड़ा ने 6 में से 5 लक्ष्य हासिल करते हुए नीति आयोग का सिल्वर मेडल अर्जित किया है, जो जिले की मेहनत और प्रगतिशील कार्य पद्धति का प्रमाण है। समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय प्रभारी अधिकारी तरुण कुमार पिथोड़े ने दंतेवाड़ा की सराहना करते हुए कहा कि जिले ने चुनौतियों के बीच नवाचार और समुदाय-आधारित प्रयासों के माध्यम से अनुकरणीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रगति पूरे देश के लिए एक प्रेरक मॉडल है जो बताता है कि मजबूत इच्छाशक्ति और जनसहभागिता से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दंतेवाड़ा आने वाले समय में आकांक्षी जिला ही नहीं बल्कि उत्कृष्ट जिला के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा तथा नीति आयोग हर संभव सहयोग जारी रखेगा ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./क/तह./2024-25
तोकापाल दिनांक 21/11/2025

**-उद्‌घोषणा-**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनाधर नाग पिता/पति बोटीराम नाग जाति माड़िया निवासी ग्राम रानसरगीपाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पुत्र/ पुत्री/ दादा/ दादी/ नाना/ नानी/ माता/ पिता/पति/ पत्नी/ भाई/बहन/ श्री लखेश्वर नाग हड़मा के मृत्यु तिथि 13/9/2014 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत रानसरगीपाल के अंतर्गत है। यह उद्‌घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ ग्रामवासी/ पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 5/12/2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्‌घोषणा आज दिनांक 21/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक.......

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**तोकापाल**

खबर संक्षेप

## बाल विवाह निषेध दिवस पर व्यापक शपथ की तैयारी आज

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में 27 नवंबर को बाल विवाह निषेध दिवस के रूप में मनाते हुए इस अवसर पर बाल विवाह के विरोध में शपथ लिया जाएगा। अभियान का शुभारंभ भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा पिछले वर्ष 27 नवंबर 2024 को किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के विजन के साथ शुरू किया गया यह कैंपेन 2030 तक बाल विवाह को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए एक देशव्यापी प्रयास है।

## केवल वास्तविक किसानों का धान होगा मान्य

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने जारी दिशा-निर्देश में स्पष्ट किया है कि इस सीजन में बिचौलियों (कोचिया) की भूमिका को प्रभावी ढंग से समाप्त करने के लिए उच्चतम स्तर पर सतर्कता बनाए रखना आवश्यक है। कलेक्टर ने इस हेतु सबसे पहले गेट पास ऐप पर किसानों की तस्वीरें सख्ती से अपलोड करने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, जिस पर मंडी अधिकारियों और अन्य फील्ड स्टाफ द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त राज्य भर में 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले लगभग एक लाख बड़े किसानों को इस सीजन में तीन टोकन का विकल्प दिया गया है। अतः कलेक्टर ने समयबद्ध और केंद्रित सत्यापन अभियान चलाकर इनकी पात्रता की जांच करने का निर्देश दिया है। खरीद प्रक्रिया में किसी भी विसंगति को तुरंत पकड़ने के लिए, एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र अलर्ट जो कि असामान्य खरीद पैटर्न को दर्शाते हैं, उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता पर लिया जाएगा। ऐसे अलर्ट मिलने पर 48 घंटे के भीतर जमीनी सत्यापन शुरू करना और समाधान की स्थिति को पोर्टल पर तुरंत अपलोड करना अनिवार्य होगा।

# जागरूकता कार्यक्रम में बताए गए अधिकार, कर्तव्य और सामाजिक जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को लालबाग सेंटर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य सभापति लक्ष्मण झा उपस्थित रहे। उन्होंने नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों को संविधान में वर्णित नागरिक अधिकारों, मूल कर्तव्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता दीदियाँ केवल शहर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ नहीं हैं,बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त समानता, सम्मान और गरिमा के अधिकारों की जीवंत मिसाल भी हैं। उन्होंने बताया कि दीदियों के निरंतर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के कारण ही नगर में स्वच्छता अभियान गतिशील और सफल बना हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता दीदियों को अपने दायित्वों को और अधिक विश्वास, जागरूकता एवं जिम्मेदारी के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया कि उनका कार्य न केवल स्वच्छ वातावरण की स्थापना में महत्त्वपूर्ण है, बल्कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवन और बेहतर जीवन-स्तर के निर्माण से भी सीधा संबंध रखता है। संविधान दिवस का यह आयोजन स्वच्छता सेवाओं से जुड़ी दीदियों को सम्मानित, जागरूक और प्रेरित करने का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

### संविधान दिवस पर स्वच्छता दीदियों का सम्मान




#### अधिकारों और मूल कर्तव्यों की दी जानकारी

संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में स्वच्छता दीदियों को नागरिक अधिकारों और मूल कर्तव्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। स्वास्थ्य सभापति द्वारा दीदियों की निष्ठा,परिश्रम और स्वच्छता अभियान में उनके निरंतर योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन्हें सामाजिक विकास,स्वच्छ वातावरण निर्माण और नागरिक स्वास्थ्य सुधार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति और अधिक जागरूक बनाना रहा। इस पहल ने न केवल दीदियों को सम्मानित किया,बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और प्रेरणा से भी परिपूर्ण किया।

### प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों की कमिश्नर ने की समीक्षा

# बस्तर ओलंपिक संस्कृति, खेल प्रतिभा और सामुदायिक सहभागिता का मंच : डोमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बुधवार को कमिश्नर डोमन सिंह ने की। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक बस्तर अंचल की संस्कृति, खेल प्रतिभा और सामुदायिक सहभागिता का महत्वपूर्ण

- आईजी ने सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने दिए निर्देश



मंच है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने आयोजन स्थल, प्रतिभागियों की आवासीय तथा परिवहन व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं, तकनीकी व्यवस्थाओं, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन सहित सभी बिंदुओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान आईजी सुंदरराज पी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि आयोजन से सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं ताकि प्रतिभागियों एवं दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने नुवा बाट के प्रतिभागियों के लिए आवश्यक व्यवस्था, मेडिकल टीम की उपलब्धता, अन्य जिलों से आने वाले खिलाड़ियों की समपूर्ण व्यवस्था, पेयजल जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा।

बैठक में अपर कलेक्टर एवं प्रभारी खेल अधिकारी ऋषिकेश तिवारी ने पीपीटी के माध्यम से तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य संभाग स्तरीय अधिकारी और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संभागीय आयोजन के लिए अधिकारियों को उनके पृथक-पृथक दायित्व भी सौंपे गए, जिसमें खेल प्रबंधन, आवास-भोजन, परिवहन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और तकनीकी संचालन से जुड़ी जिम्मेदारियां शामिल हैं।

ज्ञात हो कि बस्तर ओलंपिक 2025 में पूरे संभाग में तीन लाख 91 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन करवाया था। इनमें कलस्टर, ब्लॉक और जिला स्तर की प्रतियोगिता पर शामिल होकर विजेता संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 500 नुवा बाट के साथ-साथ तीन हजार खिलाड़ी, कोच और अन्य सहायक लोग भाग लेंगे। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान सिटी ग्राण्उड में फुटबॉल, बॉलीबॉल, कराटे, वेटलिफ्टिंग एवं बैडमिंटन स्पर्धा होगी, वहीं हॉकी प्रतियोगिता पंडरीपानी स्थित खेलो इंडिया सेंटर में आयोजित की जाएगी। साथ ही प्रियदर्शिनी स्टेडियम में संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का उदघाटन एवं समापन समारोह सम्पन्न होगी। इसके अलावा धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में कब्बडी, खो-खो, आर्चरी, एथलेटिक्स और रसाकस्सी की प्रतियोगिता होगी।

#### आयोजन स्थल का किया निरीक्षण

कलेक्टर हरिस एस ने आयोजन के संबंध तीनों मैदानों की आवश्यक व्यवस्था समय पर पूरी करने तथा आवासीय व्यवस्था को पूर्ण करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने भी अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को दी जाने वाली मैडल और ट्रॉफी का भी अवलोकन किया गया। समीक्षा के बाद उन्होंने आयोजन स्थल का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया और तैयारियों के संबंध में निर्देश भी दिए।

## परीक्षा में तनाव कम करने दिए टिप्स



**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ स्टडीज इन कंप्यूटर एप्लिकेशन द्वारा मंगलवार को 'परीक्षा के तनाव को कैसे कम करें' विषय पर महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगामी माह शुरू होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं से पहले आयोजित इस सेंसेटाइजेशन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को परीक्षा संबंधी तनाव के कारणों और समाधान पर मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन,अंग्रेजी अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो मणिशंकर मिश्रा ने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत रहने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दौर में योजनाबद्ध अध्ययन और सतत अभ्यास ही अच्छे अंकों की कुंजी है। परीक्षा को बोझ न मानते हुए समय-प्रबंधन, उत्तर लेखन की उचित रणनीति और फोकस बनाए रखने की तकनीकों को अपनाने पर उन्होंने जोर दिया। प्रो. मिश्रा ने छात्रों को कौशल-आधारित शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी। इस अवसर पर कंप्यूटर अध्ययनशाला प्रमुख डॉ तेज बहादुर चंद्र,सहायक प्राध्यापक राजेश्वरी नेताम सहित विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

#### नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने परीक्षा-संबंधी तनाव को कम करने के लिए आत्मविश्वास,अनुशासन,नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच जैसे गुणों को अपनाने का संकल्प लिया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को परीक्षा को अवसर के रूप में देखने और संतुलित जीवनशैली के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी, जिससे आगामी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद बढ़ी।

# संविधान दिवस पर सांसद कश्यप ने किया संविधान का वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



संविधान दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद महेश कश्यप सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, कलेक्टर हरिस एस, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माताओं के प्रति श्रद्धांजलि देकर की गई। सांसद ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं बल्कि देश की आत्मा है, जो नागरिकों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे संविधान में निहित भावना-न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को अपने कार्यों में सर्वोपरि रखें। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी संविधान की मूल भावना के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लिया।

# भारतीय संविधान को बाबा साहेब ने साकार रूप दिया : महेश कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भाजपा ने मनाया संविधान दिवस

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को संविधान दिवस मनाया । जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारतीय संविधान के महत्व को बताया।

मुख्य वक्ता पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप ने कहा कि संविधान भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा स्वीकृति दी गयी थी। जिसके दो माह बाद 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान को देश में लागू किया गया। हम सभी संविधान की अवधारणा को आत्मसात करते हुये राष्ट्र हित व जनहित में निरंतर कार्य करते हुये आगे बढ़े, इस दिशा में हमारा सकारात्मक समवेत प्रयास संविधान की महत्ता को परिभाषित करेगा।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान को साकार रूप दिया था। संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक को सम्मान से जीने का अधिकार देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान के उद्देश्यों का पालन करते हुये राष्ट्र को सशक्त बनाने निरंतर कार्य कर रहे हैं।

जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि हमारा संविधान देश का सर्वोच्च विधान है, जो सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धर्म और उपासना का अधिकार तथा अवसर की समानता प्रदान करता है। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आर्येन्द्र सिंह आर्य, लखीधर बघेल, पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री परीसराम बेसरा एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्राही ने किया।



**ये रहे मौजूद :** संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से योगेन्द्र पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव, रामकुमारी यादव,सफीरा साहू, प्रदीप देवांगन, पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, सुधा मिश्रा, रोहित त्रिवेदी, राजपाल कसेर, मनोहर तिवारी, शशि नाथ पाठक, योगेश शुक्ला, दशरथ गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, संजय चंद्रा चंद्राकर, संतोष बाजपेयी, अतुल सिम्हा, विपिन मालवीय, महेन्द्र सेठिया, पुरूषोत्तम जोशी, हरिराम मण्डावी, पदलाम नाग, दिनेश केजी, सुरेश मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, योगेश ठाकुर, बृजेश शर्मा, सूर्य भूषण सिंह, अविनाश सिंह गौतम, विनोद पाण्डेय, विनायक बेहरा, परमेश राजा, रूपेश जैन, अतुल कौशल,आशा साहू, मायारानी बरई, राधामणि बघेल,वीरेन्द्र जोशी,योगेश पाणिग्रही, गुलाम अशरफ गोरी, प्रेम यादव, प्रभात सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों की समस्याओं व रोजगार पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन परिक्षेत्र दरभा के बिसपुर सर्किल के बीट खुडुमखोदरा में वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, उप वन मण्डलाधिकारी चित्रकूट योगेश कुमार रात्रे एवं वन परिक्षेत्र

- डीएफओ ने खुडुमखोदरा में ली ग्रामीणों की बैठक

अधिकारी बुधराम साहू एवं जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम, सरपंच श्रीमती गुड़ियि कश्यप, समस्त कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों का बैठक बुलाकर ग्रामीणों की समस्याओं एवं रोजगार संबंधित जानकारी वन विभाग से चक्रीय निधि से रोजगार के लिए राशि दिलाने के संबंध में चर्चा किया गया। ठंड के मौसम को देखते हुए ग्रामीणों को वन मंडलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कम्बल वितरण किया गया।





## धान खरीदी में किसी भी तरह की समस्या हो उसका हल करेंगे : भरत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला के लोहण्डीगुड़ा विकास खंड के अंतर्गत गढ़िया धान खरीदी केंद्र का ग्राम सरपंच भरत कश्यप ने निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना एवं मौके पर ही उनके समस्याओं का निराकरण किया। किसानों ने बताया कि टोकन काटने को लेकर कुछ समस्या आ रही है, मौके पर भरत ने तहसीलदार को अवगत कराया। सरपंच ने कहा कि धान खरीदी में कोई भी समस्या ना हो इसका हम पूरा प्रयास करेंगे और कैसे भी समस्या हो उसके निदान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। शासन प्रशासन को जरूरत होने पर समस्याओं से अवगत कराएंगे किसान निश्चिंत रहे।

### बालाजी मंदिर में संपन्न हुआ इरूमुड़ी विधान

# हर्षोल्लास से शबरीमाला रवाना हुए अय्यप्पा स्वामी के भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



मंडल दीक्षा पूर्ण कर चुके अय्यप्पा स्वामी के भक्तों ने बालाजी मंदिर परिसर में आज इरूमुड़ी विधान संपन्न किया। 41 दिनों की अपनी दीक्षा पूर्ण कर चुके अय्यप्पा स्वामी के भक्त रविवार शाम जगदलपुर से शबरीमाला के लिए रवाना हो गए हैं। श्री बालाजी मंदिर से निकले उपासक अग्रसेन चौक होते माँ दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे। दंतेश्वरी मंदिर के लिए पैदल रवाना हुए उपासकों को विदा करने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इरुमुड़ी विधान के पश्चात श्री बालाजी मंदिर में उपासकों द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया था, जिसमें शामिल होकर सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बस्तर जिला आंध्र समाज और श्री बालाजी टेंपल कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों के अलावा उपासकों के परिजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इरूमुड़ी पुजा के तहत गुरु स्वामी चप्पा श्रीनिवास राव, बीडीवी जगदीश, एसवीआरवी प्रसाद, के. कामेश्वर, वानरासी श्रीनिवास राव, इंटी मंगराजु, के वेंकटरमणा, सीएच रामकृष्णा, इंटी अर्जुन, शिवा पटनायक, सिम्हाद्री श्रीनु, आर नवीन, इंटी मनोहर, सिद्धार्थ राव आदि उपासकों ने अपने परिजनों और इष्ट मित्रों की उपस्थिति में विशेष पूजा अर्चना किया। उपासक आगामी 28 नवम्बर को शबरीमाला मंदिर में भगवान अय्यप्पा स्वामी के दर्शन करेंगे। आज बांधी गई इरुमुड़ी (पूजा सामग्री की गठरी) सर पर रख कर दर्शन के लिए रवाना होने वाले भक्तों में अय्यप्पा मंदिर में रहकर मंडल दीक्षा में लीन वैकुंठ राव, रूद्र वीनु, अर्जुन सिंह परिहार, बिनू पणिक्कर, कृष्णा राव, के ब्रह्मा सोनी, कन्हैया माधवानी, आदि नायर, समीर तिवारी आदि शामिल हैं। सभी उपासक पूजन सामग्री से भरी गठरी लेकर शबरीमाला रवाना हुए हैं। बता दें कि केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से 175 किमी की दूरी पर पत्तनमतिट्टा जिले के पेरियार टाइगर रिजर्वक्षेत्र में श्री अय्यप्पा मंदिर स्थित है। सर पर रखी गठरी में भक्त नारियल के अंदर भर कर रखी घी, चांवल, श्रृंगार सामग्री, हल्दी-कुमकुम आदि पूजन सामग्री बांधकर शबरीमाला जाते हैं। शबरीमाला मंदिर में नारियल में रखी घी से दीप प्रज्वलित कर अन्य पूजन सामग्री मंदिर में चढ़ावे के रूप में चढ़ाते हैं।

#### 5 दिसंबर को वापस शहर लौटेगा जत्था

दरअसल इरुमुडी दो हिस्सों में बांधी जाती है, एक तरफ पूजन सामग्री होती है तो दूसरी तरफ भक्तों के दैनिक इस्तेमाल का सामान रखते हैं। जत्थे में शामिल के कामेश राव ने बताया कि 28 नवंबर को शबरीमाला में दर्शन के पश्चात केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश राज्यों के विभिन्न धार्मिक स्थलों में दर्शन करने के बाद जत्था 5 दिसंबर को वापस शहर लौटेगा।

